सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा

सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - १ | अंक - ९ | १३/०५/२०२४ | पृष्ठ - ४ | प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

**सम्पादकीय**

**मधुसूदन शर्मा की कलम से**

## अबकी बार 400 पार सम्भव नही

२०२४ के लोकसभा चुनाव से बीजेपी ४०० पार की उम्मीद लिए बैठी है। अभी तक ४१४ सीटें जितने का रिकार्ड १९८४ में राजिव गाँधी अपने नाम कर चुके है। ये रिकार्ड अभी तक किसी ने नही तोडा। प्रधानमंत्री मोदी ४०० पार के नारे दे रहे पर "अबकी बार ४०० पार" सम्भव नही पर सम्भव है मोदी का प्रधानमंत्री बनना। बीजेपी के इतनी सीटें नही जितने का कारण - इस बार देश में २०१९ की तरह कोई पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन जैसा कोई भावनात्मक मुद्दा नही । तमिल , आन्ध्रा , केरल व तेलंगाना भाजपा की पहुँच से दुर है। इसी तरह महाराष्ट्र , बिहार भी बीजेपी की पकड से दुर नजर आ रहे है। शिवसेना टुट चुकी है। यदि ऐसे हि बात करें झारखण्ड कार्नाटक की तो यहा सरकार विरोधीयो कि है। इन राज्यों में लोकसभा सीटें जितना आसान नही होगा। राहुल की भारत जाडो यात्रा और मल्लीका अर्जुन खरगे का अध्यक्ष होना भी एक कारण होगा।

हालाँकि इन मुद्दो को काउन्टर करने के लिए मोदी के पास राम मन्दिर , त्रिपल तलाक , महिला आरक्षण बिल , नागरिकता संशोधन अधिनियम बिल वाले मुद्दे है । पर भाजपा कुछ मुद्दो जैसे गांगा सफाय , गरीबो को पक्का मकान व समान नागरीक सँहिता में पिछडी है। ४०० पार सम्भव नही पर सरकार मोदी की ही बनेगी। देश को को अगला प्रधानमंत्री मोदी ही मिलेगा।

(अनुमान चाहे कितने ही शोध और पुर्व इतिहास के अनुसार निकाला गया हो पर होता अनुमान ही है यदि ऐसा न होता तो एग्जिट पौल को ही सत्य मान लिया जाता। हमने भी एक अनुमाना ही निकाला जिसकी सत्यता की ग्यारंटी मे भी नही ले सकता हु । अन्तीम और फयनल फैसला मतगणना पर ही निर्भर होगा।
- सम्पादक स्वतंत्र बौद्धिकपत्र मधुसूदन शर्मा )

## संदेशखाल में महिलाओ को डरा रहे टीएमसी के गुन्डे - मोदी ।

**यहा सीएए का रामनवमी का विरोध किया जात है**

पीएम ने हाल ही में संदेशखाली के मामले में कहा– टीएमसी नेताओं को पुलिस ने बचाया। टीएमसी के गुंडे संदेशखाली की बहनों को डरा रहे हैं, धमका रहे हैं। इसलिए कि अत्याचारी का नाम शाहजहां शेख है। उन्होंने कहा– बंगाल में टीएमसी की सरकार में राम का नाम नहीं लेने दिया जाता। रामनवमी नहीं मनाने दी जाती। सीएए का विरोध किया जाता है। ये तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करते हैं।

## केजरीवाल ने मोदी से अपने उत्तराधिकारी का नाम पुछा

**मोदी पर रिटायरमेंट का नियम लागू नही होता क्या ये सिर्फ आडवाणी के लिए है ।**

केजरीवाल ने कहा – अगर मोदी रिटायर नहीं होंगे तो वे कह दें कि 75 साल पर रिटायरमेंट का नियम उन पर लागू नहीं होगा। ये नियम सिर्फ आडवाणी के लिए था। वे वन नेशन–वनलीडर आइडिया के तहत विपक्ष के सभी नेताओं का जेल भेज रहे प्रधान मन्त्री मोदी ने शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे, डॉ रमन सिंह जैसे नेताओं की राजनीति खत्म कर दी। अब अगला नंबर यूपी के सीएम योगी का है। भाजपा ये तो कह रही है कि मोदी जी रिटायर नहीं होंगे, लेकिन ये नहीं कह रही कि योगी जी को नहीं हटाया जाएगा। मतलब पक्क । है कि अगले दो महीने में योगी को सीएम पद से हटाया जाएगा।

## कर्नाटक सेक्स स्कैंडल पर मोदा का बयान बताय गंभीर मुद्दा

**जब ये घटना हुई तब प्रज्वल की पार्टी काँग्रेस के साथ गटबंधन में थी।**



लोकसभा चुनाव से पहले मोदी ने एक बार फिर कांग्रेस पर 2014 के पहले के कार्यकाल को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में कहा– 2014 से पहले हमने पॉलिसी पैरालिसिस का युग देखा है। भ्रष्टाचार और खस्ताहाल अर्थव्यवस्था का दौर देखा है। मोदी ने कर्नाटक सेक्स स्कैंडल पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा– प्रज्वल के लिए हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति है। कर्नाटक सेक्स स्कैंडल जैसे गंभीर मुद्दे को कांग्रेस ने राजनीतिक खेल बना दिया है। मोदी ने सैम पित्रोदा के विवादित बयान और मुसलमानों के आरक्षण जैसे कई मुद्दों पर बात की।

मोदी ने कहा एससी–एसटी और ओबीसी समुदाय को विपक्ष की साजिश से बचाने के लिए मुझे प्रचंड बहुमत चाहिए। बाबासाहेब अंबेडकर और पंडित नेहरू चाहते थे कि धर्म के आधार पर आरक्षण न बांटा जाए, लेकिन जैसे–जैसे देश में कांग्रेस का समर्थन कम होते गया, कांग्रेस इस राह पर चलते चले गई।

## चौथे चरण में दस राज्यों की 96 सीटों पर वोटिंग शुरू इस चरण में 5 केन्द्रीय मंत्री , दो पुर्व क्रिकेटर व एक पुर्व सीएम मैदान में ।

**मंत्री गिरीराज सिंह , नित्यानंद राय ,अजय मिश्रा टेनी , अर्जुन मुन्डा , जी किशन रेड्डी , उपराष्ट्रपति वैकया नायडु ,साउत एक्टर अल्लु अर्जुन , पुर्व क्रिकेटर युसूफ पठान , कीर्ती आजद बर्धमान**




वोटिंग शुरू हो चुकी है। इसके अलावा आंध्र प्रदेशकी 175 और ओडिशा की 28 विधानसभा सीटों पर भी मतदान हो रहा है।चुनाव आयोग के मुताबिक लोकसभा चुनाव के चौथे फेज में आज 9 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर की 96 सीटों पर इलेक्शन के चौथे फेज में कुल 1,717 कैंडिडेट्स मैदान में हैं जिनमें 1,540 पुरुष और 170 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 10: हैं। 8. 73 करोड़ महिलाओं सहित 17.70 करोड़ से ज्यादा मतदाता वोट डालेंगे। कुल 1.92 लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं और 19 लाख से ज्यादा अधिकारियों को तैनात किया गया है।

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर ६ भाषाओं में पोस्ट कर लिखा- मुझे विश्वास है कि आज सभी सीटों पर लोग भारी संख्या में मतदान करेंगे, जिसमें युवा और महिला वोटर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। आइए, अपने कर्तव्य को निभाएं और लोकतंत्र को मजबूत करें।*

## पाक अधिकृत कश्मीर में महँगाई प्रदर्शन में एक मौत 70 घायल , सरकार ने आपतकालीन चर्चा के लिए ली बैठक

**मीरपुर पुलिस के अनुसार एक असिस्टेंट सब इंसपेक्टर के सीने में गोली लगी।**




पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर में बढ़ती महंगाई और बिजली की कीमतों के विरोध में लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन हुए। इस दौरान पुलिस और पीओके के राजनीतिक–धार्मिक संगठन अवामीएक्शन कमेटी(एएसी) के बीच शनिवार को झड़प हुई। इसमें एक पुलिसकर्मी की मौतहो गई,जबकि 70 घायल हुए हैं। प्रदर्शनों के बीच (एएसी) ने पूरे पीओके में बंद की अपील की। इसके बाद स्कूल, ऑफिस, रेस्त्रां, बाजार और दूसरी सार्वजनिक जगहों पर ताला लटका नजर आया। पीओके के मदीना मार्केट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। यहां (एएसी) के कार्यकर्ताओं ने मार्च निकाली। पुलिस ने मुजफ्फराबाद जाने के रास्ते में बैरिकेड लगा दिए। इसके बाद इस्लामगढ़ के पास प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई। पुलिस ने आरोप लगाया कि विरोधियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें मीरपुर के असिस्टेंट सब–इंस्पेक्टर अदनान कुरैशी को सीने में गोली लग गई। भीड़ को काबू में करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया। बिदलमें प्रदर्शनकारियोंने पत्थरबाजी की।

पीओके में बिगड़ते हालातों के बीच पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सोमवार को इमरजेंसी मीटिंग बुलाई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक राष्ट्रपति ने पाक अधिकृत कश्मीर में बने हालातों को सुधारने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं।

## मोदी की पाँच ग्यारन्टी से गुँजा बैरकपुर मोदी ने कहा राम नवमी ओर राम की पुजा से कोई रोक नही पाएँगा ।

**आज टीएमसी राज में बंगाल मे जगह जगह बम बनाने की इन्ड्रस्टील चल रही है ।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धुआंधार लोकसभा चुनाव प्रचार जारी है। पीएम मोदीआज बंगाल और बिहार में जनसभा और रोड शो कर रहे हैं। मोदी ने कहा एक समय था, जब बंगाल में एक से बढ़कर एक वैज्ञानिक खोज हुआ करती थीं, आज टीएमसी के राज में जगह–जगह बम बनाने की होम इंडस्ट्री चल रही है। एक समय था, जबबंगाल घुसपैठियों के खिलाफ क्रांति किया करता था, लेकिन आज टीएमसी के संरक्षण में यहां घुसपैठी फल–फूल रहे हैं। आज स्थिति ये है कि बंगाल में अपनी आस्था का पालन करना भी गुनाह हो गया है। बंगाल में टीएमसी सरकार राम का नाम नहीं लेने देती। बंगाल में टीएमसी सरकार रामनवमी नहीं मनाने देती। कांग्रेस और लेफ्ट के लोगों ने भी राम मंदिर के विरुद्ध मोर्चा खोल रखा है। क्या टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट के हाथ में ये महान देश सौंपा जा सकता है.

**पश्चिम बंगाल को पीएम मोदी की पांच गारंटी - जब तक मोदी है, धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। जब तक मोदी है एसटी एससी ओबीसी का आरक्षण कोई खत्म नहीं कर पाएगा। जब तक मोदी है, रामनवमी मनाने से, भगवान राम की पूजा से कोई आपको रोक नहीं पाएगा। जब तक मोदी है, राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला कोई पलट नहीं पाएगा। जब तक मोदी है, । कानून को भी कोई रद्द नहीं कर पाएगा।**




# डिजीटल संस्करण

# https://sbpatra.in

# पर उपलब्ध



## परशुराम जयंती पर वरिष्ठ जनों का सम्मान- मतदाता जागरूकता का संदेश दिया, शोभायात्रा भी निकली

सकल ब्राह्मण समाज कल्याण महिला समिति,परशुराम महादेव मंदिर समिति एवं सकल ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर शुक्रवार शाम को एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा गांधी वाटिका स्थित आनंद बालाजी मंदिर से प्रारंभ हुई। जो शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। शोभायात्रा का समापन पुनः मंदिर पर हुआ। वहीं शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष परंपरागत वेशभूषा में शामिल हुए। ढोल नगाड़े बैंड बाजो की थाप पर झूमते गाते समाज जन शोभायात्रा में शामिल हुए।

## जिला कलेक्टर ने अल्हेड में दूल्हे को पीले चावल देकर दिया मतदान करने का न्योता

नीमच 10 मई 2024,कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद ने शुक्रवार को मनासा क्षेत्र के गांव अल्हेड घर–घर जाकर मतदाताओं को आगामी 13 मई को अपने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग आवश्यक करने के लिए पीले चावल भेंट कर न्योता दिया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने गांव में एक दूल्हे के घर जाकर दूल्हे और उसके परिजनों और मेहमानों को आगामी लोकसभा निर्वाचन में 13 मई को अपने–अपने मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान अवश्य करने के लिए पीले चावल देखकर न्योता दिया। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद ने सभी ग्रामीणों से मतदान अवश्य करने और दूसरे मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की।

## बीजेपी सरकार झूठ बोलकर सत्ता में आई सांसद सुधीर गुप्ता के दो कार्यकाल निष्क्रिय रहे-जीतू पटवारी।

मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नीमच में कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप सिंह गुर्जर के समर्थन में एक सभा को संबोधित करते हुए कही।

पटवारी ने भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता पिछले दो कार्यकाल को निष्क्रिय बताया क्षेत्र कि अनदेखी का आरोप लगाया। पटवारी ने सभा के माध्यम से कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप गुर्जर के समर्थन में वोट करने की अपील की और पार्टी कार्यकर्ताओं से कांग्रेस का पांच सूत्री मेनिफेस्टो घर–घर तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस कर यह पांच वादे लोगों के घर तक पहुंचा दिए तो कांग्रेस पार्टी जरूर जीत जाएगी।इसके पूर्व पटवारी तय समय से करीब डेढ़ घंटा देरी से नीमच पहुंचे। जहां सभा स्थल भारत माता चोराहा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े और गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। पटवारी के साथ राजस्थान के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना, सुसनेर विधायक भेरु सिंह सिसोदिया, पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन तरुण बाहेती, समंदर पटेल सहित अन्य लोग मंच पर मौजूद रहे।

सभा संपत्ति के बाद पटवारी ने भारत माता चौराहा सभा स्थल से कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप गुर्जर के समर्थन में पैदल जनसंपर्क भी किया। जिसके बाद में नीमच से रवाना हुए। जनसंपर्क के दौरान जीतू पटवारी एक होटल पर भी रुक गुलाब जामुन का भी लुत्फ उठाया और उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप गुर्जर को अपने हाथों से गुलाब जामुन खिलाई और खुद भी खाए।

### लुटेरे बेखौफ होकर कर रहे सिंगोली रतनगढ़ क्षेत्र में चोरियां

बीते दिनों सिंगोली के वार्ड 10 लादुराम जंगम के यहां पर चोरों ने रात में नकदी जेवरात लाखों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। दिनदहाड़े वार्ड 7 में रहने वाले बाबू पिता शंभु दयाल व्यास के सूने घर में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर यहां से जेवरात नकदी सहित करीब डेढ़ लाख का माल चुरा कर ले गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका पंचनामा बनाया।

## कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने पिपलिया रावजी, बरडिया जागीर में मतदाताओं को पीले चावल वितरित कर मतदान करने का न्योता दिया

नीमच 10 मई 2024, जिले में चलाए जा रहे हैं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गांव–गांव में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। मतदाताओं को आगामी 13 मई को अपने–अपने मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद ने मनासा क्षेत्र के गांव बरडिया जागीर एवं गांव पिपलिया रावजी का भ्रमण कर, गजाकर भेट की और उन्हें पीले चावल वितरित कर आगामी 13 में को अपने मतदान केंद्र पहुंच कर, मतदान करने का न्योता दिया । कलेक्टर ने मतदाताओं से चर्चा कर मतदान केंद्र पर की गई व्यवस्थाओं से भी अवगत कराया और सभी से मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने का संदेश दिया। कलेक्टर ने कहा कि मतदान के दिन कोई भी अपने गांव से बाहर न जाए और गांव में ही रहकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें।

## बेटे के स्वास्थ की कामना करने गई माँ की आकाशीय बिजली गिरने से मौत, बेटा बिजली के झटके से दूर जा गिरा

जीरन तहसील अंतर्गत आने वाले चिताखेड़ा में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। बेमौसम बारिश और तेज हवाओं के दौरान चीताखेड़ा क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कोटड़ी मगरा की झील स्थित सगस बावजी के स्थान पर प्रत्येक शुक्रवार को चौकी (पूजा का आयोजन) लगती है। शुक्रवार को संगीता पिता चेनराम परमार 45 साल अपनी मां कमलीबाई पति चेनराम परमार 65 साल के साथ अपने 22 साल के बेटे अभिषेक के स्वास्थ्य की कामना को लेकर पहुंची थी। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से संगीता घायल हो गई, जबकि बेटा अभिषेक बिजली के झटके से दूर जा गिरा। बिजली की चपेट में आकर झुलसी संगीता को पहले निजी वाहन से चीताखेड़ा निजी चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां से संगीता को नीमच रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सकों ने संगिता को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतका संगीता का 25 वर्ष पहले जनकपुर के पास गांव निल्या कुंडला निवासी विष्णुलाल सेन से विवाह हुआ था। कुछ समय बाद पति का बाद बीमारी के चलते निधन हो गया था। जिसके बाद संगीता अपने दोनों पुत्रों अभिषेक 22 वर्ष, भूपेंद्र 18 वर्ष के साथ चीताखेड़ा में ही अपने पिता के यहां पिछले 10 साल से रह रही थी।

## मतदान सामग्री का किया गया वितरण

नीमच 10 मई 2024, लोकसभा निर्वाचन, 2024 के अन्तर्गत 12 मई 2024 को स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच में नीमच जिले के तीनों विधानसभा खण्ड, मनासा (महाविद्यालय के पुराने भवन के भूतल पर), नीमच (महाविद्यालय के नये भवन के ठीक पीछे वाला मैदान) एवं जावद (महाविद्यालय के नये भवन के ठीक सामने स्थित खुला परिसर) में निर्वाचन हेतु नियुक्त मतदान दलों को सामग्री का वितरण तथा 13 मई 2024 को सायंकाल से सामग्री प्राप्ति का कार्य किया जाना है।उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू ने बताया, कि उपरोक्तानुसार निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामग्री वितरण, प्राप्ति स्थल पर आने–जाने हेतु वाहन पार्किंग स्थल चिन्हित किये गए है, जिनके अनुसार सामग्री वितरण, प्राप्ति स्थल पर आने वाले अधिकारी, कर्मचारियों के समस्त 02 पहिया वाहनों की पार्किंग महाविद्यालय परिसर के अंदर नीमच–मनासा मार्ग से लगे हुए बॉस्केट बॉल ग्राउण्ड पर रहेगी तथा समस्त 04 पहिया वाहनों की पार्किंग महाविद्यालय परिसर के समीप स्थित डाईट कार्यालय ग्राउण्ड पर रहेगी।

## कलेक्टर ने किया वाहन निगरानी एवं वेब कास्टिंग कक्ष का निरीक्षण

नीमच 10 मई 2024, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीमच श्री दिनेश जैन ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट नीमच में लोकसभा निर्वाचन के तहत स्थापित वाहनों की जी.पी.एस.निगरानी एवं वेबकास्टिंग निगरानी कक्ष का अवलोकन किया और निर्वाचन में लगे वाहनों के ट्रेकिंग सिस्टम मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग कार्य का जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश शाह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रश्मी श्रीवास्तव, श्री चंद्रसिह धार्वे, सुश्री किरण आंजना, श्री संजीव साहू व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री जैन ने कम्यूनिकेशन कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर कम्यूनिकेशन टीम के सदस्यों से चर्चा की और कम्यूनिकेशन व्यवस्था का जायजा लिया और निर्देशित किया कि मतदान के दिन तथा मतदान दलों के मतदान केंद्रों पर पहुंचने की निर्धारित समय पर रिर्पोटिंग की जाये।

## दो आरोपीयो को तीन माहा की अवधी के लिए जिला बदर

नीमच 10 मई 2024, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम–1990 के तहत दो आरोपियों को तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है।

आरोपी संतोष उर्फ कल्ला पिता बाबुलाल निवासी नीमच, पुलिस थाना नीमच केंट एवं आरोपी चंदू उर्फ चंद्रप्रकाश पिता बंशीलाल दमामी निवासी खोर पुलिस थाना जावद को तीन–तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है।उक्त दोनो आरोपी जिला बदर अवधि में नीमच जिले की राजस्व सीमा तथा समीपवर्ती मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, देवास एवं आगर–मालवा जिले की सीमा में जिला बदर अवधि में प्रवेश नहीं कर सकेगें।

## डीएम द्वारा तीन आरोपीयों को थाना हाजरी का आदेश

नीमच 10 मई 2024, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा–3(क) के तहत आरोपी इरफान उर्फ झाडु पिता रफीक खान पठान निवासी स्कीम नं.8 बघाना, पुलिस थाना बघाना, आरोपी किशोर पिता किया गया है। बरदीचंद खटिक निवासी कोज्या, पुलिस थाना सिंगोली एवं आरोपी विशाल पिता सुरेश बंजारा निवासी चीताखेड़ा, पुलिस थाना जीरन, को तीन–तीन माह के लिए सदाचार बनाये रखने के लिए संबंधित पुलिस थानों में सप्ताह में एक दिन थाना हाजरी का आदेश जारी

## कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने पिपलिया रावजी, बरडिया जागीर में मतदाताओं को पीले चावल वितरित कर मतदान करने का न्योता दिया

नीमच 10 मई 2024, जिले में चलाए जा रहे हैं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गांव–गांव में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। मतदाताओं को आगामी 13 मई को अपने–अपने मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद ने मनासा क्षेत्र के गांव बरडिया जागीरएवं गांव पिपलिया रावजी का भ्रमण कर, मतदाताओं से गली–गली, घर–घर जाकर भेट की और उन्हें पीले चावल वितरित कर आगामी 13 में को अपने मतदान केंद्र पहुंच कर, मतदान करने का न्योता दिया । कलेक्टर ने मतदाताओं से चर्चा कर मतदान केंद्र पर की गई व्यवस्थाओं से भी अवगत कराया और सभी से मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने का संदेश दिया। कलेक्टर ने कहा कि मतदान के दिन कोई भी अपने गांव से बाहर न जाए और गांव में ही रहकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें।

## कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने अल्हेड में दूल्हे को पीले चावल देकर दिया मतदान करने का न्योता

नीमच 10 मई 2024,कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद ने शुक्रवार को मनासा क्षेत्र के गांव अल्हेड घर–घर जाकर मतदाताओं को आगामी 13 मई को अपने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग आवश्यक करने कलिए पीले चावल भेंट कर न्योता दिया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने गांव में एक दूल्हे के घर जाकर दूल्हे और उसके परिजनाऔर मेहमानों को आगामी लोकसभा निर्वाचन में 13 मई को अपने–अपने मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान अवश्य करने के लिए पीले चावल देखकर न्योता दिया। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद ने सभी ग्रामीणों से मतदान अवश्य करने और दूसरे मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की।

## जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पीले चावल देकर मतदान का दिया न्योता

नीमच 9 मई 2024, लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजित मतदाता जागरूकता के तहत गांव–गांव, घर–घर पीले चावल देकर लोगो को 13 मई 2024 को मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को ग्राम खातीखेडा, मेलानखेडा, सरवानिया मसानी, मोडी, गुर्जरखेडीसांखला, नगर परिषद कुकडेश्वर, अथवा बुजुर्ग, उम्मेदपुरासहित जिले के विभिन्न गांवों में घर–घर जाकर आंगनवाडी कार्यकर्ताओं आदि ने मतदाताओं को पीले चावल वितरित कर 13 मई को वोट देने के लिए आमंत्रित किया।

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/

समाचार के लिए लोगिंन करें
https://sbpatra.in/

## सीएम मोहन यादव ने प्रचार खत्म होन से पहले रतलाम में किया रोड शो

**मध्यप्रदेश की 8 लोकसभा सीटों पर आज शाम 6 बजे बन्द होगा चुनाव ।**



लोकसभा इलेक्शन के चौथे चरण में मध्यप्रदेश की 8 लोकसभा सीटों पर आज शाम 6 बजे चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। चरण में शामिल 8 लोकसभा सीट देवास उज्जैन (अजा), मंदसौर, रतलाम (अजजा), धार (अजजा), इंदौर, खरगोन (अजजा) एवं खंडवा में 13 मई को मतदान होगा। रतलाम में सीएम का रोड शो, इंदौर भी जाएंगे – चौथे चरण में प्रचार के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रतलाम दौरे पर हैं। यहां वे रोड शो कर रहे हैं।

रोड में सीएम ने रथ में सवार होकर गदा घुमाई। इसके बाद सीएम दोपहर 12.15 बजे जावरा में रोड शो, दोपहर 1.20 बजे इंदौर लोकसभा क्षेत्र के देपालपुर विधानसभा के बेटमा में जनसभा को संबोधित करेंगे। सीएम दोपहर 2.30 बजे इंदौर में रोड शो में शामिल होकर बीजेपी प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगेगे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज पीसीसी चीफ जीतू पटवारी शनिवार देवास संसदीय क्षेत्र पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के साथ तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। हाटपिपल्या विधानसभा के बड़ा टिगरिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर एक बजे आष्टा विधानसभा के गांव मैना और 3 बजे कालापीपल में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

मंदसौर सीट पर प्रचार करेंगे दिग्विजय – पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह मंदसौर लोकसभा क्षेत्र के शामगढ़ से गरोठ पहुंचेंगे। यहां आमसभा को संबोधित करने के बाद सीतामऊ में दो बजे आमसभा को संबोधित करेंगे। शाम 4 बजे जावरा में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने के बाद शाम भोपाल के लिए रवाना होंगे।

## झाबुआ रतलाम सीट पर राजनीति गर्म कॉंग्रेस प्रत्याशी ने बताया मंत्री नागरसिंह पर दर्ज १० एफआईआर



कांग्रेस ने एक बार फिर रतलाम–झाबुआ से भाजपा प्रत्याशी अनीता चौहान के पति नागरसिंह चौहान पर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया के बेटे विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया ने शुक्रवार को 10 पुलिस प्रकरणों की एक लिस्ट जारी की। दावा किया कि ये सभी केस नागरसिंह के खिलाफ दर्ज हैं। नागरसिंह का एक वीडियो भी जारी किया। इसमें कथित तौर पर नागरसिंह चौहान परिवार के लोगों के जेल जाने की बात मानते हुए कह रहे हैं, मेरे परिवार में कोई इन चीजों से नहीं डरता।

ये है लिस्ट में रू 15 मार्च 1995 में अरठी गांव में हुए हमले, 2 अप्रैल 1997 को डोबलाझिरी में विवाद, 7 मई 97 को अरठी में हमला, 13 जनवरी 1999 को आलीराजपुर में चार लोगों की हत्या, 4 फरवरी 2000 को थांदला क्षेत्र में कट्टा दिखाकर लूट, 24 अगस्त 2002 को आलीराजपुर में विवाद, 31 मार्च 2002 को शराब लूटने, 2 सितंबर 2002 को जिलाबदर कार्रवाई आदि शामिल हैं। नागरसिंह बोले– मेरा परिवार इन चीजों से डरने वाला नहीं, 13 के बाद जवाब दूंगा वीडियो में ये कह रहे नागरसिंह... ये इनकी साजिश है, जो सफल नहीं होगी। मेरा परिवार इन चीजों से डरने वाला नहीं है। हम तो कई बार जेल भी जा चुके हैं। ये सोच रहे हैं कि मैं एसपी को लिख दूं डर जाएंगें। हमें इधर सीधा जिलाबदर कर दें। हम डर रहे क्या? मेरे पिता को 20 साल की सजा हुई, वो डर रहे क्या?

झूठ कितना भी बोलें, जीत सच की होगी उन्हें जो कहना है कहने दो। मैं 13 मई के बाद जवाब दूंगा । उन्हें इस लोकसभा क्षेत्र की जनता जवाब देगी।

झूठ कितना भी बोलो, सच की ही जीत होती है।
नागरसिंह चौहान, वन मंत्री

## एमपी में चौथे चरण की ८ सीटो पर अब थमेगा प्रचार




लोकसभा इलेक्शन के चौथे चरण में मध्यप्रदेश की 8 लोकसभा सीटों पर आज शाम 6 बजे चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। इन आठ सीटों पर 13 मई को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।चरण में शामिल 8 लोकसभा सीट देवास (अजा), उज्जैन (अजा), मंदसौर, रतलाम (अजजा), धार (अजजा), इंदौर, खरगोन (अजजा) एवं खंडवा में 13 मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का खत्म होने के 48 घंटे पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार–प्रसार समाप्त होने की समय–सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के उन व्यक्तियों को, जो उस लोकसभा क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह निर्वाचन क्षेत्र छोड़ना होगा।

पटवारी देवास सीट पर तीन सभाएं करेंगे – चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज पीसीसी चीफ जीतू पटवारी शनिवार देवास संसदीय क्षेत्र पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के साथ तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। हाटपिपल्या विधानसभा के बड़ा टिगरिया में सुबह 11 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर एक बजे आष्टा विधानसभा के गांव मैना और 3 बजे कालापीपल में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

मंदसौर सीट पर प्रचार करेंगे दिग्विजय – पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह मंदसौर लोकसभा क्षेत्र के शामगढ़ से सुबह 11.30 बले रवाना होकर 12.00 बजे गरोठ पहुंचेंगे। यहां आमसभा को संबोधित करने के बाद सीतामऊ में दो बजे आमसभा को संबोधित करेंगे। शाम 4 बजे जावरा में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने के बाद शाम भोपाल के लिए रवाना होगे।

सीएम डॉ. मोहन यादव रतलाम में करेंगे रोड शो – मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को रतलाम एवं इंदौर लोकसभा क्षेत्रों के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 10.10 बजे रतलाम में रोड शो में शामिल होंगे। दोपहर 12.15 बजे जावरा में रोड शो, दोपहर 1.20 बजे इंदौर लोकसभा क्षेत्र के देपालपुर विधानसभा के बेटमा में जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 2.30 बजे इंदौर में रोड शो में शामिल होकर बीजेपी प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगेगे।

## उन्हेल में बीना ड्राईवर के चला ऑटो

बिना ड्राईवर के ऑटो चलने पर पुलिस ने तीन हजर रूपए की कार्यवही की।



उज्जैन के पास उन्हेल मे दो दिन पहले एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें एक लोडिंग ऑटो बिना ड्राइवर के चलने लग जाता है। पुलिस को पता लगा कि ऑटो ड्राइवर गाड़ी को चालू हालत में खड़ा कर गया था।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑटो चालक पर मामला दर्ज कर तीन हजार रुपए का फाइन लगाया।

थाना उन्हेल क्षेत्र के न्यू बस स्टैंड के सामने नागदा – उज्जैन रोड पर बुधवार को लोडिंग ऑटो अपने आप चलने लगा था। लोडिंग ऑटो के अंदर और ऊपर टेंट का सामान रखा हुआ था। कुछ देर बाद एक व्यक्ति चालू लोडिंग ऑटो को दौड़ते हुए ऑटो में बैठकर बंद करते दिखाई दे रहा था।

वीडियो सामने आने पर पुलिस ने तलाश की तो ऑटो क्रमांक एम.पी. 13.एल. 2261 उज्जैन के बुरहानउद्दीन निवासी केडी गेट 151 साईं की मोहल्ला उज्जैन का होना पाया गया। घटना में ड्राइवर ऑटो चालू कर छोड़ गया था, जिससे कोई बडी दुर्घटना भी हो सकती थी।

## बैतूल में ४ बूथ पर फिर मतदान- सुबह से लगी कतारें पोलिंग पार्टी की बस में आग से जली थीं यहां की ईवीएम



बैतूल संसदीय सीट की मुलताई विधानसभा क्षेत्र के 4 मतदान केंद्रों पर आज पुनर्मतदान हो रहा है। मुलताई के मतदान केंद्र 275 रजापुर में शासकीय हाईस्कूल, 276 डूडर रैय्यत में राजकीय एकीकृत उच्च विद्यालय, कुंडा रैय्यत में शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भवन और 280 चिखलीमाल शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में सुबह 7बजे वोटिंग शुरू हुई। बूथ पर 7 बजे के पहले की कतारें लग गई थीं। चारों

बैतूल संसदीय सीट की मुलताई विधानसभा क्षेत्र के 4 मतदान केंद्रों पर आज पुनर्मतदान हो रहा है। मुलताई के मतदान केंद्र 275 रजापुर में शासकीय हाईस्कूल, 276 डूडर रैय्यत में राजकीय एकीकृत उच्च विद्यालय, कुंडा रैय्यत में शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भवन और 280 चिखलीमाल शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में सुबह 7 बजे वोटिंग शुरू हुई। बूथ पर 7 बजे के पहले की कतारें लग गई थीं। चारों बूथ पर 3037 वोटर हैं। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के तीसरे चरण में 7 मई को बैतूल सीट पर भी वोट डाले गए थे। यहां से ईवीएम और मतदानकर्मियों को लेकर लौट रही बस में रात करीब 11 बजे आग लग गई थी। हादसा साईखेड़ा थाना क्षेत्र के सोनोरा गौला के पास रात 11 बजे हुआ था। पीठासीन अधिकारी मुन्नालाल ने बताया था कि बस में 6 मतदान केंद्रों के कर्मचारी सवार थे। इनके पास बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट थीं। इनमें से 4 ईवीएम आग में पूरी तरह जल गई थीं

## दिग्विजय सिंह ने शुरू की चौथे चरण की तैयारी-रतलाम के बाद खरगोन में करेंगे चुनावी सभा, वीडी शर्मा ने पूछा- कमलनाथ-नकुल कहां हैं



राजगढ़ लोकसभा सीट के मतदान से फ्री होकर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने चौथे चरण की तैयारी शुरू कर दी है। इस लोकसभा चुनाव में पहली बार उन्होंने गुरुवार को रतलाम के सैलाना में चुनावी सभा की। अब शुक्रवार को खरगोन में सभा करेंगे। दिग्विजय के सक्रिय होने और पूर्व सीएम कमलनाथ के प्रचार में नहीं दिखने पर बीजेपी सवाल उठा रही है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मध्यप्रदेश की 9 सीट पर 7 मई को मतदान हुआ था। वोटिंग में राजगढ़ सीट पर सबसे ज्यादा 75.36ः मतदान हुआ। अब तक चुनाव प्रचार के दौरान दिग्विजय सिंह राजगढ़ छोड़कर प्रदेश में दूसरी जगह प्रचार के लिए नहीं गए। यहां तक कि चुनाव लोकल मुद्दों और स्थानीय सांसद तक सीमित रखने की भी कोशिश की। वीडी बोले– सर्च वारंट निकलेगा, तब पता चलेगा बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा– मीडिया के मित्र मुझसे पूछ रहे हैं कि कमलनाथ जी कहां हैं? तो कह रहे हैं कि हमें ही पता नहीं लग रहा कहां हैं। सर्च वारंट निकलेगा, तभी पता चलेगा। आदिवासी सीटों पर करेंगे प्रचार शुक्रवार को दिग्विजय सिंह खरगोन लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार पोरलाल खरते के समर्थन में प्रचार करेंगे। सुबह बड़वानी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद अंजराड़ा, ओसाड़ा, बमनाली फाटे, आवली, सावरीयापानी, बोकराटा, गंधावल, राजपुर में नुक्कड़ सभा करेंगे

# मालदीव के विदेश मंत्री भारत दौरे पर मालदीव के मंत्रीयो की आपत्तिजनक टिप्पणी पर कहा ऐसा नही होने देंगे।

**फरवरी में युएनएससी में भारत ने बताया पाकिस्तान खून में डूबा हुआ देश है।**



भारत के साथ तनाव के बीच मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर दिल्ली के दौरे पर हैं। इस दौरान गुरुवार को उन्होंने न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में मोदी मोदी के खिलाफ दिए अपने मंत्रियों के आपत्तिजनक बयान को लेकर सफाई दी। मूसा जमीर ने कहा, श्हम ऐसा फिर नहीं होने देंगे, हमने 3 मंत्रियों को हमेशा के लिए पद से हटा दिया। दरअसल, साल की शुरुआत मे प्रधानमंत्री मोदी ने लक्षद्वीप की कुछ तस्वीरें शेयर की थीं, जिसके बाद लक्षद्वीप की तुलना मालदीव से की जाने लगी। इसके चलते मालदीव के नेताओं ने भारत और पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इससे दोनों के रिश्तों में बिगड़ने लगे थे। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक के दौरान जयशंकर ने कहा, षारत हमेशा नेबर फर्स्ट पॉलिसी पर चलता है। टके दोनों देशों के रिश्ते आपसी हितों पर हैं। भारत विकास के मामले में मालदीव को सहयोग करने वाले अहम देशों में शामिल है। प्रधानमंत्री ने मोदी पर विवादित बयान से तनाव बढ़ा – इस पर मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। पलटवार करते हुए कई भारतीय टूरिज्म कंपनियों और लोगों ने मालदीव को बॉयकॉट करना शुरू कर दिया। इससे मालदीव जाने वाले भारतीय टूरिस्टों की संख्या में तेजी से गिरावट आई। इसी दौरान मालदीव के राष्ट्रपति चीन के दौरे पर गए और वापस लौटकर कहा कि कोई देश उन्हें धमका नहीं सकता। मुइज्जू ने मालदीव का समर्थन करने के लिए चीन के लोगों से उनके देश घूमने आने की अपील की। इसके बाद मालदीव ने भारत के साथ हुए हाइड्रोग्राफिक सर्वे एग्रीमेंट को भी खत्म कर दिया।

# रूस में विक्ट्री-डे परेड का जश्न , इसी दिन सोवियत युनियन में वर्ल्ड वार २ नाजी जर्मनी को हराया था।

**जश्न में 9 हजार सैनिक 70 हजार टैंक शामिल पुतिन बोले पश्चिमी देश दुसरे विश्व युद्ध के सबक भुल गया ।**



रूस में गुरुवार (9 मई) को 79वां विक्ट्री डे मनाया गया। इसी दिन सोवियत यूनियन ने वर्ल्ड वॉर 2 में नाजी जर्मनी को हराया था। पुतिन क्रेमलिन से रेड स्क्वायर पहुंचे, जहां परेड का आयोजन किया गया। पुतिन ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि रूस दुनिया में हो रही जंग को बढ़ावा नहीं देना चाहता, लेकिन कोई भी हमें धमका नहीं सकता। उन्होंने पश्चिमी देशों को चेताते हुए कहा कि रूस की सेना हर समय जंग के लिए तैयार है। विक्ट्री डे परेड में 9 हजार से ज्यादा सैनिकों ने हिस्सा लिया। इसमें यूक्रेन में लड चुके हैंसैनिक भी शामिल हुए। परेड में 70 से ज्यादा टैंक और बख्तर बंद गाड़ियां दिखाई दी। इसमें वर्ल्ड वॉर 2 में यूज हुआ T–34 टैंक के साथ इस्कंदर–एम बैलिस्टिक मिसाइल, एस–400 एयर एयर डिफेंस सिस्टम और यार्स इटरकॉटिनल बैलिस्टिक मिसाइल शामिल थी। पिछले साल खराब मौसम के चलते फ्लाईबाई को रद्द कर दिया गया है। ये परेड ऐसे समय में हो रही है, जब रूस को यूक्रेन से जंग में कड़ी टक्कर मिल रही है। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुताबिक, जंग में अब तक रूस के 1 लाख सैनिक मारे जा चुके हैं।

https://sbpatra.in/

समाचार के लिए लोंगिन करे।

# पन्नू हत्या पर भारत पर आरोप बेबुनियाद , भारतिय चुनाव में रूकावट डाल रहा अमेरीका - रूस विदेश मंत्री

**रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा से प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पन्नू को मारने की साजिश**




भारत को खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश रचने वाले आरोपों पर रूस का साथ मिला है। रूस के विदेश मंत्रालय ने भारत पर लगाए गए अमेरिका के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। रूस ने कहा है कि अमेरिका भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है और आम चुनावों में रुकावट डालने की कोशिश कर रहा है। अमेरिका बेबुनियाद आरोप लगाकर भारत का अपमान कर रहा

वॉशिंगटन ने पेश नहीं किया है कोई सबूत रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा से प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पन्नू को मारने की साजिश रचने वाले आरोपों पर सवाल किया गया था ।इस पर जवाब देते सीआरपीएफ अफसर ने उसे पन्नू की हत्या की प्लानिंग करने को कहा था। हुए जखारोवा ने कहा, हमारी जानकारी के मुताबिक वॉशिंगटन ने अभी तक ऐसा कोई सबूत पेश नहीं किया है, जिससे सिद्ध हो सके कि भारत पन्नू कीहत्या में शामिल था। धार्मिक आजादी के उल्लंघन की बात अमेरिका की भारत को लेकर कमजोर समझ को दर्शाती है। अमेरिका ऐसा कर भारत का एक संप्रभु देश के तौर पर अपमान कर रहा है। रूसी विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि अमेरिका भारत ही नहीं कई और देशों के खिलाफ धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन के बेबुनियाद आरोप लगाता रहा है। वॉशिंगटन की कार्रवाई स्पष्ट रूप से भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप दिखाती है।

अमेरिका ने भारत पर लगाया था आरोप – अमेरिकी सरकार ने आरोप लगाया था कि न्यूयॉर्क में पन्नू पर जानलेवा हमले की साजिश रची गई थी। इसमें भारत का हाथ था। हालांकि अमेरिका ने इस साजिश को नाकाम कर दिया गया था। इसके बाद 29 नवंबर को हत्या की साजिश रचने के मामले में न्यूयॉर्क पुलिस की चार्जशीट सामने आई थी। इसमें भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर पन्नू की हत्या की साजिश का आरोप था। इसमें लिखा है– भारत के एक पूर्व

# रक्षा मंत्री एस जयशंकर ने कहा पीओके हमारा हिस्सा , भारत पीओके पर अपना दबाव कभी नही छोडेगा - रक्षामंत्री।


**सांसद ने कहा हिन्दुओं की लडकीया कोई लुट नही है , प्रिया कुमारी को अगवा किए दों साल हो गए अभी तक पता नही**



जयशंकर ने दल्ली के गार्गी कॉलेज में कहा कि पाकिस्तान को पीओक वापस कर देना चाहिए। उन्होंने इसे पीएम मोदी का एक सबसे बड़ा सपना बताया। इसके अलावा उन्होंने लोगों का ध्यान कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने पर भी दिया। जयशंकर ने 370 को मोदी सरकारी की बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि अब देश की जनता ने भी मान लिया है कि 370 दोबारा कश्मीर में नहीं आएगा। साथ ही अब हमारा लक्ष्य पीओक की जमीन बदलने का है। जयशंकर ने बताया कि आजादी के बाद उस समय की सरकार ने पाकिस्तान को इस जमीन को खाली करने को कभी नही कहा, जिस कारण आज हमें ये दिन देखने पड़ रहे हैं। पिछले हफ्ते ही जयशंकर के च्वज्ञ वाले बयान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी दोहराया था। राजनाथ सिंह ने कहा था कि भारत पीओक पर अपना दावा कभी नहीं छोडेगा। उन्होंने आगे कहा था कि आज कश्मीर की तरक्की देखकर पीओक के लोग खुद को भारत का हिस्सा मानते है। ये दिखाता है कि पीओक पर हमारी सोच कहा तक है। भारत को इसके लिए कुछ करने की जरूरत नहीं पडेगी। जिस तरह कश्मीर में हालात बदल रहे हैं और आर्थिक प्रगति हो रही है, वहां जैसी शांति लौटी है, मुझे यकीन है कि एक दिन पीओक से भी भारत में विलय की मांग उठेगी। राजनाथ सिंह ने कहा कि पीओकमें हमें किसी भी प्रकार का बल प्रयोग नहीं करना पड़ेगा। वहां के लोग खुद भारत में विलय करेंगे। उन्होंने कहा कि पीओक हमार था, है और हमारा रहेगा।

# युरोप में भी हो रहा फिलिस्तीनीयों का सर्मथन , 169 छात्र हिरासत में , पुलिस ने काली मिर्च से स्प्रे किया।

**जर्मनी,फिनलैंड,डेनमार्क, इटली,स्पेन ,फ्रांस, नीदरलैंड व ब्रिटेन में बडे पैमाने पर विरोध**



अमेरिका से शुरू हुए फिलिस्तीन समर्थित छात्र आंदोलन की आग अब यूरोप तक पहुंच गई है। 7 मई को यूरोपीय देश जर्मनी, फिनलैंड, डेनमार्क, इटली, स्पेन, फ्रांस, नीदरलैंड और ब्रिटेन में बड़े पैमाने पर आंदोलन हुए। छात्रों की मांग है कि इजराइल के साथ कारोबार बंद किया जाए। इजराइल पर जंग रोकने का दबाव बनाया जाए। जर्मनी के बर्लिन की फ्री यूनिवर्सिटी में 7 मई को छात्रों ने कैंपस पर कब्जा करलया था। छात्रों ने 20 से ज्यादा तंबू लगाए थे। पुलिस ने छात्रों पर काली मिर्च स्प्रे करके खदेड़ा और तंबू हटा दिए।

# भारत पर लगे आरोप पर कायम कनाडाई विदेश मंत्री निज्जर हत्या में भारत का हाथ बताया भारत का जबाव लाईन क्रास न करे।

**खालिस्तानी अंतकी निज्जर की हत्या में कनाडा की विदेश मंत्री मेलनी जोल ने दिये बयान पर कायम है ।**



कनाडा ने एक बार फिर से खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत पर लगाए गए आरोपों को दोहराया है। कनाडा की विदेश मंत्री मेलेनी जोली ने कहा, हम अभी भी यही मानते हैं कि भारतीय एजेंट्स ने कनाडाई धरती पर हमारे नागरिक की हत्या करवाई। दूसरी तरफ कनाडा में मौजूद भारत के हाई कमिश्नर संजय कुमार वर्मा ने कहा, भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर बुरी नजर डालना लक्ष्मण रेखा पार करने जैसा है। भारत का भविष्य अब विदेशी नहीं, बल्कि भारतीय खुद तय करेंगे। भारत के उच्चायुक्त ने कहा है कि भारत का भविष्य अब विदेशी नहीं, बल्कि खुद भारतीय तय करेंगे।

कनाडाई नागरिकों की सुरक्षा करते रहेंगे मीडिया से बात करते हुए कनाडा की विदेश मंत्री जोली ने बताया कि निज्जर की हत्या की जांच रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस कर रही है। जोली ने कहा ,कनाडा की प्राथमिकता देश के नागरिकों की रक्षा करना है।

जोली ने आगे कहा, हम उन आरोपों पर भी कायम हैं जिसमें कहा गया था कि भारतीय एजेंट्स ने कनाडा की धरती पर एक शख्स की हत्या की। मैं इस मामले पर और कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती हूं। कनाडा सरकार का कोई भी व्यक्ति इस मामले पर और कुछ नहीं कहेगा।

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीया अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा